# भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हुआ चूरू

**चूरू** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा की ओर से गुरूवार को पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, विद्यार्थी व भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में 200 फिट का तिरंगा आकर्षण का केन्द्र रहा।

वहीं कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा से पूर्व इंद्रमणि पार्क में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, कार्यक्रम के जिला संयोजक भास्कर शर्मा, प्रधान दीपचन्द राहड़, उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, विक्रम कोटवाद व भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण मंचस्थ थे। इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि विभाजन विभिषिका दिवस मनाने का उदेश्य हमारी आने वाली पीढ़ी को इस विभाजन की त्रासदी के बारे में अवगत कराना है।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग, एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया

**चूरू** (निसं)। छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाने के विरोध में एनएसयूआई की ओर से पूर्व छात्रसंघ महासचिव पुलकित चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को लोहिया कॉलेज के सामने सरकार के खिलाफ टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राचार्य को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर पुलकित चौधरी ने कहा कि आप जिस लोकतंत्र की ताकत से विधायक और मुख्यमंत्री बने हैं, उस लोकतंत्र को ही आप खत्म करना चाहते हैं। जनता से बनी सरकार आज जनता के हक को ही मार रही है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी है। आज छात्रसंघ चुनाव नहीं कराकर उनके राजनीतिक करियर को रोकना चाहते हैं, जो छात्रों के अधिकारों का हनन है। आपको डर है कि एक गरीब किसान परिवार का बच्चा अगर राजनीति में आया, तो आपकी दुकान बंद हो जाएगी। आपकी लाठी और डंडे से ट्रेनिंग देने वाली स्कूल बंद हो जाएगी, जो आपको हजम नहीं हो रही है। परंतु आने वाली पीढियां आपकों कोसेगी और कहेगी कि एक ऐसा मुख्यमंत्री आया जो पर्ची से निकलकर पर्ची में ही लिपटकर रह गयी। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल कुमार भाकर ने बताया कि मुख्यमंत्री के अच्छे कार्यकाल की उम्मीद तो उसी दिन खत्म हो गई, जिस दिन उन्होंने अपने भाषण में प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी थी। छात्र प्रतिनिधि अमन चौधरी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव जरूरी है, हम छात्र हैं कोई गुंडे नहीं हैं। आप ही के बच्चे हैं और राजस्थान की जान हैं। फिर भी हुक्मरान हमसे क्यों डर रहे हैं। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ महासचिव अनीस खान, अनिल बुडानिया, अजय सूंडा, मोहित खान, रोहन वैष्णव, आदिल खान, अजय, रोहिताश कुमार, राकेश कस्वां, बिलाल खान, राकेश कस्वां सीरसली, देवेन्द्र खीचड, कमलेश सिहाग, देवेन्द्र कस्वां सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजादी का पर्व उत्साह के साथ शुरू

**पाटन** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, न्यौराना में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य निर्मला देवी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारो भारत माता की जय, वंदे मातरम्, इंकलाब जिंदाबाद के उद्घोष से पूरे गांव को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

रैली पूरे गांव से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। छात्रों के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण व ग्रामवासी भी इस रैली में सम्मिलित हुए, जिससे पूरे गांव में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव वातावरण बना रहा।

## सार-समाचार

### सफाई कर्मचारियों को तिरंगा वितरित

**झुंझुनूं**, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी मंजू सुरेश खंडेलिया के सहयोग से चूणा चौक विकास समिति की प्रेरणा से लकडी के डंडे लगे हुए तिरंगे झंडों का वितरण गुरूवार को चूणा चौक राणी सती रोड इंदिरा पार्क में प्रतिदिन सुबह योग शिविर एवं पार्क में आने वाले महिलाओं और पुरुषों को भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ सुबह 6:15 बजे किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर योग साधक नीरज गोयल, श्रवण रिंगसिया, रवि पंसारी, राजू सोनी, रामगोपाल शर्मा, सुरेश तुलस्यान, सुशील हलवाई, गीता शुक्ला, कमल कस्वां, किशोर जांगिड़, मंजू टीबड़ा, मंजू मोदी, सुनिल सैनी, रिंकू मालसरिया, पिंकी तुलस्यान, दिवाकर शर्मा, मूलसिंह किशनावत, श्यामसुंदर तुलस्यान, अशोक जोशी, मुकेश जालान, डॉ. अनिता अग्रवाल, डॉ. प्रियंका, प्रमोद कांया, विपिन छक्कड, अनूप अग्रवाल, मंजू तुलस्यान, सुशील पचलंगिया, प्रेम स्वामी, विश्वनाथ टेलर, एडवोकेट अनुपम शर्मा एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। जिन्हें तिरंगे झंडे वितरण किए गए। डॉ. तुलस्यान ने बताया कि इसी क्रम में नेहरू पार्क में पतंजलि योग समिति के योग साधकों को, श्रद्धा एन्क्लेव, रॉयल रेजीडेंसी, कमल हाइट्स, प्रभात फेरी गांधी चौक, प्रभात फेरी बस स्टैंड, श्री गोपाल गौशाला, जीबी मोदी स्कूल, आदर्श बाल निकेतन स्कूल सहित अन्य स्थानों पर भी तिरंगे झंडों का वितरण किया गया।

### एनीमिया मुक्त राजस्थान के तहत शिविर

**रतनगढ़** (निसं)। भारत विकास परिषद् उत्तर पश्चिम क्षेत्र के स्वास्थ्य पहल एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत स्थानीय शाखा द्वारा श्री संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, रतनगढ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शिविर लगाकर हिमोग्लोबिन जांच किया गया। शिविर में विद्या भारती संस्थान के भरतपुर जिला सचिव संतोष कटारा व चूरू जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा की उपस्थिति रही। शाखा की महिला संयोजिका मंजुला चाकलान ने बताया कि प्रान्त से प्राप्त निर्देशानुसार बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांचा गया व औसत से कम हिमोग्लोबिन आने पर बालिकाओं को खानपान में विशेष ध्यान देने हेतु आव्हान किया गया। अलग-अलग विद्यालयों में आयोजित शिविर में 300 बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांचा गया। शिविर में लेब टेक्नीशियन सुरेश कुमार सैनी का सहयोग रहा। सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय के अनुसार इस प्रकार के आयोजन परिषद् हर वर्ष करती है।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**झुंझुनूं**, (निसं)। बाकरा रोड स्थित अंबेडकर नगर स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पूर्व हर घर तिरंगा रैली के अवसर पर अनेक कार्यक्रम हुए। जिनमें हर घर तिरंगा रैली, जन्माष्टमी पर्व की झांकी, नृत्य और देश भक्ति कार्यक्रम आदि। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह गोदारा ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन जीने के प्रमुख नियमों के बारे मे बताते हुए भारतीय संस्कृति में 'अन्न' का महत्व बताया और विद्यार्थियों व शिक्षकों को अन्न का अनादर न करने की शपथ दिलवाई। रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से लेकर बाकरा गांव तक किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टरों, तिरंगे झंडे और नारों के माध्यम से देश भक्ति का संदेश दिया और शहीदों की प्रतिमाओं पर माला अर्पित करते हुए देश भक्ति के नारे लगाए।

# रैली से देश प्रेम का संदेश दिया

- **खाटूश्यामजी उप जिला अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों ने रक्तदान किया**

**सीकर** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया अभियान के तहत संस्थानों पर रंगोली सजाने, रैली निकालने जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को पिपराली स्थिति एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में पिपराली बीसीएमओ डॉ अजीत शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने परिसर में रंगोली सजाई तथा रैली निकालकर देश प्रेम का संदेश किया। रैली में छात्राएं हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारें लगाते हुए चल रही थी।

इधर, खाटूश्यामजी उप जिला अस्पताल में बीसीएमओ पलसाना डॉ नितेश शर्मा व पीएमओ डॉ गोगराज सिंह निठारवाल के नेतृत्व में रक्तदान किया गया। शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ गोगराज सिंह निठारवाल, बीसीएमओ पलसाना डॉ नीतेश शर्मा सहित उप जिला अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर, अन्य कार्मिक और ग्रामवासियों में भाग लिया। शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी दानदाताओं को तिरंगा झंडा भेंट कर अपने अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

जिले के नेछवा व लक्ष्मणगढ ब्लॉक में बीसीएमओ डॉ दिनेश कस्वां, कूदन बीसीएमओ डॉ कुलदीप दानोदिया, फतेहपुर बीसीएमओ डॉ दिलीप सिंह, खण्डेला बीसीएमओ डॉ नरेश पारीक, श्रीमाधोपुर बीसीएमओ डॉ पंकज शर्मा, नीमकाथाना बीसीएमओ डॉ भूपेन्द्र सिंह शेखावत, पाटन बीसीएमओ डॉ गजानंद सैनी, अजीतगढ बीसीएमओ डॉ राजेंद्र यादव, दांता बीसीएमओ डॉ भरत सिंह, पलसाना बीसीएमओ डॉ नितेश शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा संस्थानों में गतिविधियों का आयोजन देश प्रेम व देश भक्ति का संदेश दिया जा रहा है।

# भाजपा नगर मंडल ने तिरंगा रैली निकाली

**झुंझुनूं**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि के मुख्य आतिथ्य, नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा के संयोजन और विधायक राजेंद्र भांबू की अगुवाई में बगड़ रोड स्थित शहीद इंद्रसिंह स्मारक से कलेक्ट्री सर्किल स्थित शहीद स्मारक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला एवं नगर महामंत्री रवि लांबा ने बताया कि रैली को जिलाध्यक्ष कुलहरि, विधायक भांबू, शहर अध्यक्ष शर्मा, भाजपा नेता निशित बबलू चौधरी, पूर्व राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, अभियान जिला संयोजक सुनिल लांबा, जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा अग्रसेन सर्किल, गणेश मंदिर, चूणा चौक, गांधी चौक से एक नंबर रोड होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की अगुवाई में भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक की सफाई की। यात्रा का मार्ग में जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि तिरंगा शौर्य, बलिदान एव देश भक्ति की गाथा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के तिरंगे की शान विश्व भर में फैल रही है। इस अवसर पर उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, एडवोकेट सुशील जोशी, राजू मारिगसर, अरुणा सिहाग, सुधा पंवार, विमला चौधरी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एव गणमान्यजन मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड ने सेवा कार्य किया

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ तहसील के गांव परसनेऊ में श्री दादाजी जी अखाराम जी महाराज जन्मोत्सव मेले में स्थानीय संघ स्काउट ने सेवा कार्य किया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ रतनगढ़ के सचिव राकेश कुमार ने बताया कि परसनेऊ में श्री दादाजी अखाराम जी महाराज के जन्मोत्सव मेले के अवसर पर दो दिवसीय सेवा कार्य शिविर लगाया जिसमें परसनेऊ,आलसर और जोरावरपुरा के कुल 40 स्काउट और सात स्काउट मास्टर ने सेवा कार्य किया जिसमें भक्त गणों को पानी पिलाना, भीड को नियंत्रित करना और दर्शन व्यवस्था में सहयोग करना। इस दौरान स्काउटर डुंगरराम प्रजापत, रामचन्द्र प्रजापत, सत्यनारायण टेलर, रामदयाल पुरोहित, अनोप सिंह, मनोहर सिंह ने सेवा कार्य शिविर में सहयोग दिया।

# दिव्यांगों को अंग उपकरण बांटे

**चूरू** (निसं)। राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर एवं एलिम्को नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में व एडीपीसी समसा चूरू की ओर से गुरुवार को राजकीय बागला उच्च मा. विद्यालय में जिला-स्तरीय मेडिकल कम फंक्शनल असेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अंग उपकरण हेतु चयनित विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को अंग उपकरण वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्यायक हरलाल सहारण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी ने की। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों ने 45 विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को 63 अंग उपकरण वितरित किये गये। कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को 06 मोटराइज्ड ई-बाईक 17 व्हीलचेयर, 03 सीपी चेयर, 06 टीएलएम किट, 18 रोलेटर, 08 कैलीपर, 01 विजुअल किट, 2 ब्रेल किट वितरित किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़, प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी, जिला समन्वयक हवासिंह सुवटा, देवेन्द्र कुमार, महावीर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, कानाराम, राकेश कुमार, भवानी सिंह, मंगलाराम आदि उपस्थित थे। एडीपीसी सरिता आत्रेय ने आगंतुक अतिथियों व दिव्यांगों का आभार व्यक्त किया।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



अन्तिम 4 दिन शेष

**आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना**

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | आबू रोड़ | 01 | चूरू |
| 30 | अजमेर | 14 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 05 | झुंझुनू |
| 07 | भिवाड़ी-I | 10 | भरतपुर |
| 28 | भिवाड़ी-II | 28 | किशनगढ़ |
| 14 | बोरानाडा | 21 | भीलवाड़ा |
| 02 | दौसा | 03 | नीमराना |
| 10 | घिलोठ | | |

ईएमडी अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 37 | पाली | 06 | जयपुर (दक्षिण) |
| 35 | झालावाड़ | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 03 | जालोर | 67 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 22 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 30 | कोटा | 02 | श्रीगंगानगर |
| 01 | सीकर | 04 | सवाई माधोपुर |

राज.संवाद/सी/25/8184

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in



RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**रीको औद्योगिक क्षेत्रों में होटल भूखण्ड**



ईएमडी प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोही | आबूरोड | ग्रोथ सेंटर -II | CP-1 (Corner) | 1750.50 | 7500.00 |
| 2 | धौलपुर | भरतपुर | ग्रोथ सेंटर (विस्तार) धौलपुर | CP-8 (Corner) | 7378.00 | 15000.00 |
| 3 | भीलवाडा | भीलवाडा | ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ स्वरूपगंज के पास | CP-25 | 2697.00 | 7000.00 |
| 4 | खैरथल-तिजारा | भिवाड़ी-I | भिवाडी | HT-61 | 4074.00 | 65000.00 |
| | | | कहरानी | HT-1(Corner) | 4402.30 | 50000.00 |

ईएमडी प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | जयपुर (ग्रामीण) | कांट-कालवाड़ (विस्तार) | HP-21 | 24081.00 | 10000.00 |
| | | | | HP-16 | 13213.03 | 11000.00 |
| | | | | HP-17 | 12761.50 | 10500.00 |
| | | | | HP-4 | 14081.05 | 12000.00 |
| 2 | अजमेर | किशनगढ़ | किशनगढ़- III (मार्बल मंडी) | CP-1 | 1425.00 | 50000.00 |
| 3 | टोंक | सवाईमाधोपुर | आईआईडी सेंटर निवाई कॉमर्शियल ब्लॉक- 1 | Hotel-2 | 960.00 | 15000.00 |
| 4 | श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 13 एल.एन.पी. (पतीस्विया) | Hotel (Corner) | 1405.77 | 15000.00 |
| | | | अनूपगढ़ फेज- II | Hotel | 3081.00 | 22500.00 |
| 5 | उदयपुर | उदयपुर | गुडली | SP-1 (Corner) | 4405.00 | 15400.00 |

राज.संवाद/सी/25/8204

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in



कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर ) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक: न0पा0रा0/कृ0भू0/2025/ दिनांक: 13.08.2025
प्रारूप-10, 6 नियम 6 (7) देखिए 8 लोक सूचना
श्री राजेन्द्र सहारण पुत्र श्री हंसराज, श्री रामस्वरूप पुत्र श्री हंसराज, श्री राजेन्द्र पुत्र श्री काशीराम, श्री संजय कुमार पुत्र श्री मात राम, श्री दीपेश मित्तल पुत्र श्री नागर मित्तल साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक व्यवसायिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें हनुमानगढ़ जिले की तहसील रावतसर के ग्राम 24 डीडब्ल्यूडी में खसरा नं. 158/415(16) किला नं. 10(0.152)है0, 11(0.253)है0. 20(0.253)है0 21/2(0.228)है0. 22/5(0.226)है0 कुल तादादी 1.112है0 है। इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा लिया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13.08.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका रावतसर



**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राज.**

**समस्त शहरवासियों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग की फ्लैगशिप योजनाएँ निम्नानुसार संचालित हैं-**

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1. मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना :- राज्य सरकार द्वारा शहरों क्षेत्रों में असहाय परिवारों के उत्थान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना प्रारम्भ की गई है जिसमें योजना के लाभार्थियों को तीन चरणों में क्रमश: 10000, 20000 एवं 50000 रुपए का ऋण दिया जायेगा।
उक्त योजना में जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों से सम्बन्ध असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जैसे गिग वर्कर, ट्रॉसपोर्ट वर्कर्स, डोमेस्टिक वर्कर, भवन निर्माण श्रमिक, हॉकर्स, वेस्ट वर्कर, रेग पिकर, दस्तकार आदि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभ देय नहीं हैं, एवं जिन्हे स्थानीय निकाय, श्रम विभाग, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग से अनुज्ञा पत्र जारी हुए हैं, इत्यादि सम्मिलित हैं।
उक्त योजना में आवेदन हेतु आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए जिसकी आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष हो तथा आवेदक के पास जन आधार कार्ड होना अनिवार्य है। उक्त सम्बन्धी दस्तावेजों के साथ नजदीकी ई-मित्र अथवा नगर परिषद सुजानगढ़ में उपस्थित होकर आवेदन किया जा सकता है।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना (2.0) :- उक्त योजना में नगरीय निकाय क्षेत्र में आवास विहीन परिवारों जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है उन्हे आवास निर्माण हेतु राशि 1.50 लाख रुपए केन्द्रीय अनुदान एवं राशि 100000/- रुपए राज्य सरकार द्वारा अनुदान कुल अनुदान राशि 250000/- रुपए का प्रावधान किया गया है। उक्त योजना में ऐसे परिवार जिनके पास स्वयं का आवास नहीं है एवं परिषद क्षेत्र में भूखण्ड उपलब्ध है एवं जिनकी पारिवारिक आय 03 लाख रुपए सालाना से कम है ऐसे व्यक्ति उक्त योजना में आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजना में आवेदक जनाधार कार्ड, बैंक पास बुक, भूमि स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज, परिवार में सभी सदस्यों के आधार कार्ड एवं आवेदक के आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर एवं आय प्रमाण पत्र लेकर नजदीकी ई-मित्र अथवा नगर परिषद सुजानगढ़ में उपस्थित होकर आवेदन किया जा सकता है।
3. स्वच्छ भारत मिशन (20) :- नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत ODF + घोषित किया गया है तथा नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भाग लिया जा रहा है जिसमें नगर परिषद सुजानगढ़ को अच्छी रैंकिंग प्रदान करवाये जाने हेतु आमजन से अपील है कि वह घरों में उत्पन्न प्रतिदिन का सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक का घर घर कचरा संग्रहण हेतु संचालित वाहन में डाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नही फैलायें एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत आमजन सफाई सम्बन्धी शिकायतें स्वच्छता एप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं जिसका त्वरित समाधान परिषद द्वारा किया जावेगा। नगर परिषद सुजानगढ़ को अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में करें। स्वच्छता एप्प हेतु वोट लिंक (http://play.google.com/store/apps/details?id=com.ichangemycity.swachhbharat) का प्रयोग करें।
4. आमजन एवं स्थानीय दुकानदारों से अपील है कि नगर परिषद सुजानगढ़ क्षेत्र में आम रास्ते, मुख्य मार्गों, सरकार भूमि एवं दुकानों के आग अतिक्रमण नहीं करें। अतिक्रमण किये जाने पर सम्बन्धित से जुमार्ना राशि वसूली जावेगी।
5. नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा तम्बाकू उत्पादों की बिक्री हेतु लाईसेन्स शुल्क का निर्धारण विनियमन और नियंत्रण अनुज्ञप्ति नियम 2025 बनाया गया है। अत: सभी दुकानदारों से निवेदन है कि बिना अनुज्ञा तम्बाकु उत्पादों का विक्रय नहीं करें तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकु उत्पाद विक्रय नहीं करें। समस्त शहरवासियों को नगर परिषद सुजानगढ़ की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ

नीलोफर गोरी, सभापति, नगर परिषद सुजानगढ़
विक्रम जोरवाल, कार्यवाहक आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ़ जे/ओ

राज.संवाद/सी/25/8220